**E**

No. of Printed Pages : 15

# Summative Assessment II, 2011-2012

## Subject : History (इतिहास)

**Time : 3 Hrs.]** **Class : XI** **[ M. M. : 100**

**General Instructions :**

(i) Answer all the questions. Marks are indicated against each question.

(ii) Answers to questions carrying 2 marks (Part A) should not exceed 30 words each.

(iii) Answers to questions carrying 5 marks (Part B) should not exceed 100 words each.

(iv) Answers to questions carrying 10 marks (Part C) should not exceed 500 words each.

(v) Part D has questions based on sources.

(vi) Attach maps with answer-sheet.

**सामान्य निर्देश –**

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।

(ii) 2 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड क) का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।

(iii) 5 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ख) का उत्तर 100 शब्दों से अधिक न हो।

(iv) 10 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ग) का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो।

(v) खण्ड घ में स्रोत आधारित प्रश्न दिए गए हैं।

(vi) मानचित्र उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

---

## PART – A
## खण्ड – क

**Answer all the questions given below :**

**निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

1. Name the historical sources of Islamic areas from 600 to 1200 A.D. 2

600-1200 ई. तक इस्लामी क्षेत्रों के इतिहास की जानकारी हमें किन स्रोतों से मिलती है?

Aapkitab
Same textbooks, click away

2. Write two functions of medieval monasteries. 2

मध्यकालीन मठों के कोई दो कार्य लिखिए।

3. Explain the term 'native'. 2

'नेटिव' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**PART – B (Section – I)**

**खण्ड – ख (भाग – I)**

**Answer any three of the following questions :**

**निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

4. What do you mean by Abbasid Revolution ? Answer in context of decline of the Umayyads and the foundation of the Abbasid dynasty. 5

अब्बासी क्रान्ति से क्या अभिप्राय है ? उमय्यद वंश के पतन तथा अब्बासी वंश की स्थापना के सन्दर्भ में उत्तर दीजिए।

5. What were reasons of success of Mongol forces under the leadership of Genghis Khan ?5

चंगेज खाँ के अधीन मंगोलों की सैनिक सफलता के प्रमुख कारण क्या थे ?

6. What is meant by 'Principate' in context of the Roman Empire ? What was the position of Emperor and the Senate ? 5

रोम साम्राज्य के सन्दर्भ में 'प्रिंसिपेट' से क्या अभिप्राय है ? इसमें सम्राट तथा सीनेट की क्या स्थिति थी ?

7. How were Islamic architectural forms different from those of the Roman Empire ? 5

रोमन साम्राज्य के वास्तुकलात्मक रूपों से इस्लामी वास्तुकलात्मक रूप कैसे भिन्न थे ?

**Section – II**

**भाग – II**

**Answer any two of the following questions :**

**निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

8. Critically analyse the various phases of establishment of Republic in China. 5

चीन में गणतन्त्र की स्थापना के विभिन्न चरणों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

9. What is meant by gold rush ? How did it help growth of industries in the United States of America ? 5

गोल्ड रश से क्या अभिप्राय है ? इससे किस प्रकार संयुक्त राज्य अमरीका में उद्योगों की वृद्धि हुई ?

10. What was the reaction of the natives of Australia against the advent of the European ? 5

आस्ट्रेलिया में यूरोपीय लोगों के आगमन के प्रति वहाँ के मूल निवासियों की क्या प्रतिक्रिया थी ?

**Section – III**

**भाग – III**

**Answer any three of the following questions :**

**निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

11. Why were Italian towns the first to experience the ideas of humanism ? 5

मानवतावादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इतावली शहरों में क्यों हुआ ?

12. Write a note on the Manorial Estate. 5

मेनर प्रणाली के विषय पर टिप्पणी लिखिए।

13. What were the new developments helping European navigation in the fifteenth century ? 5

ऐसे कौन-से कारण थे जिनसे 15वीं शताब्दी में यूरोपीय नौचालन में सहायता मिली ?

14. How did Feudalism develop in England ? 5

इंग्लैण्ड में सामन्तवाद का विकास कैसे हुआ ?

**PART – C**

**भाग – ग**

15. Give a detailed description of urban life of Mesopotamia. 10

मेसोपोटामिया के शहरी जीवन का विस्तृत विवरण दीजिए।

**OR/अथवा**

Describe the achievements of Mesopotamian civilisation.

मेसोपोटामिया सभ्यता की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

Kopykitab same textbooks, kharch away

 

16. 'Industrial Revolution proved to be mixed boon.' Discuss. 10

'औद्योगिक क्रान्ति मिश्रित वरदान सिद्ध हुई।' इस कथन पर चर्चा कीजिए।

**OR/अथवा**

How did modernisation of economy took place under the Meji ruler in Japan ? What was the impact of industrial developments on ecology ?

जापान में मेजी शासन के अधीन अर्थव्यवस्था का आधुनिकरण किस प्रकार हुआ ? उद्योगों के विकास का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा ?

## PART – D

## भाग – घ

**Read the given passages carefully and answer the questions that follow :**

**निम्न अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

17. **YASA**

In 1221, after the conquest of Bukhara, Genghis Khan had assembled the rich Muslim residents at the festival ground and had admonished them. He called them sinners and warned them to compensate for their sins by parting with their hidden wealth. The episode was dramatic enough to be painted and for a long time afterwards people still remembered the incident. In the late sixteenth century, Abdullah Khan, a distant descendent of Jochi, Genghis Khan's eldest son, went to the same festival ground in Bhukhara. Unlike Genghis Khan, however, Abdullah Khan went to perform his holiday prayers there. His chronicler, Hafiz-i-Tanish, reported this performance of Muslim piety by his master and included the surprising comment, "This was according to the Yasa by Genghis Khan."

(a) Whom did Genghis Khan asked to assemble in festival ground ? 2

(b) Who went to the same festival ground in sixteenth century and what did he do there ? 3

(c) In its earliest formulation, the term 'Yasa' was written as 'Yasaq'. What did it mean ? 3

## YASA (यास)

1221 में बुखारा पर विजय प्राप्त करने के बाद चंगेज खाँ ने वहाँ के अमीर मुसलमान निवासियों को 'उत्सव मैदान' में एकत्रित कर उनकी भर्त्सना की। उसने उनको पापी कहा और चेतावनी दी कि इन पापों के प्रायश्चितस्वरूप उनको अपना छिपा हुआ धन उसे देना पड़ेगा। यह वर्णन करने योग्य एक नाटकीय घटना थी। जिसको लोगों ने लम्बे समय तक याद रखा और उस पर चित्र बनाए। सोलहवीं शताब्दी के अंत में चंगेज खाँ के सबसे बड़े पुत्र जोची का एक दूर का वंशज अब्दुल्लाह खान बुखारा के उसी उत्सव मैदान में गया। चंगेज खाँ के विपरीत अब्दुल्लाह खाँ वहाँ छुट्टी की नमाज अदा करने गया। उसके इतिहासकार हफीज-ए-तानीश ने अपने स्वामी की इस मुस्लिम धर्म-परायणता का वर्णन अपने इतिवृत्त में दिया और साथ में यह चौंका देने वाली टिप्पणी भी की – "कि यह चंगेज खाँ के यास के अनुसार था।"

(क) चंगेज खाँ ने उत्सव मैदान में किन लोगों को बुलाया? 2

(ख) सोलहवीं शताब्दी में कौन उसी उत्सव मैदान में गया और उसने वहाँ क्या किया? 3

(ग) अपने आरंभिक स्वरूप में यास को 'यसाक' लिखा जाता था। इसका क्या अर्थ था? 3

**OR/अथवा**

### Income of the Roman Aristrocracy

– *"Olympiodorus of Thebes"*

East of the great houses of Rome contained within itself everything which a medium sized city could hold, a hippodrome, flora, temples, fountains and different kinds of baths......many of the Roman households received an income of 4000 pounds of gold per year from their properties, not including grain, wine and other produce, which if sold, would have amounted to 1/3 of the income in gold. The income of the household at Rome of the IInd class was 1000 or 1500 pounds of gold.

(a) Name the source of the passage. 1

(b) What were the resources available with the great house of Rome? 2

(c) What were the income of different Roman families? 1

(d) In how many categories was Roman Empire divided? 4

**P. T. O.**

Zookitab

Same textbooks, click away

**रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियाँ**

– *''थेब्स का ओलिंपिओडोरस''*.

रोम के ऊँचे घरानों में से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था, जो एक मध्यम आकार के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रेम), अनेक मंच मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्रकार के स्नानागार.........बहुत- से रोमन परिवारों को अपनी सम्पत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउण्ड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज शामिल नहीं थी, इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 तथा 1500 पाउण्ड सोना थी।

(क) इस अनुच्छेद के स्रोत का नाम लिखिए। 1

(ख) रोम के ऊँचे घरानों के पास क्या संसाधन थे ? 2

(ग) विभिन्न रोमन परिवारों की प्रतिवर्ष आय कितनी थी ? 1

(घ) रोमन साम्राज्य कितने वर्गों में विभाजित था ? 4

18. In Benedictine monasteries, there was a manuscript with 73 chapters of rules which were followed by monks for many centuries. Here are some of the rules they had to follow :

Chapter 6 : Permission to speak should rarely be granted to monks.

Chapter 7 : Humility means obedience.

Chapter 33 : No monk should own private property.

Chapter 47 : Idleness is the enemy of the soul, so friars and sisters should be occupied at certain times in manual labour, and at fixed hours in sacred reading.

Chapter 48 : The monastery should be laid out in such a way that all necessities be found within its bounds : water, mill, garden, workshops.

(a) Name two features of the 'manuscript for the monks' in the monastery ? 2

(b) In which chapter the rule related to private property is given ? 1

Kopykitab
Same textbooks, Kitab away

(c) Describe any of the four rules as given in the manuscript, which are to be followed by monks. 4

(d) How should monasteries be laid out ? 1

बेनेडिक्टीन (Benedictine) मठों में, भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार हैं –

अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी-कभी ही दी जानी चाहिए।

अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञापालन।

अध्याय 33 : किसी भी भिक्षु को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहिए।

अध्याय 47 : आलस्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु और भिक्षुणियों को निश्चित समय में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटों में पवित्र पाठ करना चाहिए।

अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाने चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ – जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।

(क) 'मठों में भिक्षुओं' के लिए हस्तलिखित पुस्तक की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(ख) निजी सम्पत्ति संबंधी नियम किस अध्याय में दिया गया है ? 1

(ग) भिक्षुओं के लिए हस्तलिखित पुस्तक में दिए गए किन्हीं चार नियमों का वर्णन कीजिए। 4

(घ) मठों का निर्माण किस प्रकार किया जाना चाहिए ? 1

**OR/अथवा**

William Tyndale, an English Lutherman who translated the Bible into English in 1506, defended Protestantism thus :

'In this they be all agreed, to drive you from the knowledge of the scripture, and that ye shall not have the text thereof in the mother-tongue, and to keep the world still in darkness, to the intent they might sit in the consciences of the people, through vain superstition and false doctrine, to satisfy their proud ambition, and insatiable covetousness, and to exalt their own honour above king and emperor, yea and above God himself....... Which thing only moved me to translate the *New Testament*. Because I had perceived by experience, how that it was impossible to establish the lay-people in any truth, except the scripture were plainly laid

**P. T. O.**

before their eyes in their mother-tongue, that they might see the process, order, and meaning of the text.'

(a) What was defended by William Tyndale ? 2

(b) Why should the scriptures be in mother-tongue ? 2

(c) Why did Martin Luther protest against church ? 2

(d) What was the result of the campaign launched by Martin Luther ? 2

1506 में अंग्रेजी भाषा में बाईबिल का अनुवाद करने वाले, लूथरवादी अंग्रेज, विलियम टिंडेल ने प्रोटैस्टेंटवाद का इस तरह समर्थन किया –

"इस बात से सब लोग सहमत होंगे कि वे आपको धर्मग्रंथ के ज्ञान से दूर रखने के लिए यह चाहते थे कि धर्मग्रंथ के अनुवाद आपकी मातृभाषा में उपलब्ध न हो सकें जिससे दुनिया अंधकार में ही रहे और वे (पुरोहित वर्ग) लोगों के अंतःकरण में बने रहें जिससे उनके द्वारा बनाए व्यर्थ के अंधविश्वास और झूठे धर्मसिद्धांत चलते रहें; जिसके रहते उनकी ऊँची आकांक्षाएँ और अतृप्त लोलुपता पूरी हो सके। इस तरह वे राजा, सम्राट और यहाँ तक कि अपने को ईश्वर से भी ऊँचा बना सकें...... जिस बात ने मुझे मुख्य रूप से *न्यू टेस्टामेंट* का अनुवाद करने की प्रेरणा दी। मुझे अपने अनुभवों से ज्ञात हुआ कि सामान्य लोगों को किसी भी सच्चाई की तब तक जानकारी नहीं हो सकती जब तक उनके पास अपने धर्मग्रंथ के मातृभाषा में अनुवाद उपलब्ध न हों। इन अनुवादों से ही वे धर्मग्रंथ की परिपाटी, क्रम और अर्थ समझ सकेंगे।"

(क) विलियम टिंडेल ने किसका समर्थन किया ? 2

(ख) धर्मग्रंथों का मातृभाषा में होना क्यों आवश्यक है ? 2

(ग) लूथर के द्वारा चर्च के विरुद्ध अभियान क्यों प्रारंभ किया गया ? 2

(घ) लूथर द्वारा चलाए गए अभियान का क्या परिणाम हुआ ? 2

19. In a survey in 1930 in XUNWU, Mao Zedong looked at everyday commodities such as salt and soyabeans, at the relative strenghts of local organisation, at petty traders and craftsman, ironsmiths, prostitutes, and the strength of religious organisations to examine the different levels of exploitation. He gathered statistics of the number of peasants who had sold their children and found out what price they received – boys are sold for 100-200 yuan but there was no instances of the sale of the girl because the need was hard labour not sexual exploitations. He was on the basis of these studies that he advocated ways of solving social problem.

Aapkitab Sample textbooks, kitabcart

(a) Who was Mao-Zedong ? What was his main success ? 3

(b) What was the aim of the survey in XUNWU in 1930 ? 2

(c) What steps were taken by Mao-Zedong in the middle 1928-1934 ? 3

1930 में, जुनबू (XUNWU) में किए गए सर्वेक्षण में माओत्सेतुंग ने नमक और सोयाबीन जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं, स्थानीय संगठनों की तुलनात्मक मजबूतियों, छोटे व्यापारियों और दस्तकारों, लोहारों और वेश्याओं, धार्मिक संगठनों की मजबूतियों, इन सबका परीक्षण किया, ताकि शोषण के अलग-अलग स्तरों को समझा जा सके। उन्होंने ऐसे आँकड़े इकट्ठे किए कि कितने किसानों ने अपने बच्चों को बेचा है, और इसके लिए उन्हें कितने पैसे मिले। लड़के 100-200 युआन पर बिकते थे लेकिन लड़कियों की बिक्री के लिए कोई उदाहरण नहीं मिले क्योंकि जरूरत मजदूरों की थी, लैंगिक शोषण की नहीं। इस अध्ययन के आधार पर उन्होंने सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के तरीके पेश किए।

(क) माओत्सेतुंग कौन थे ? उनकी मुख्य सफलता क्या थी ? 3

(ख) 1930 में जुनबू में सर्वेक्षण का उद्देश्य क्या था ? 2

(ग) 1928-1934 के मध्य माओत्सेतुंग न क्या कदम उठाए ? 3

**OR/अथवा**

D. H. Lawrence, British Novelist described the change in a village, in the coal belt, which he had not experienced, but about which he had heard from older people :

"Eastwood...........must have been a tiny village at the beginning of the nineteenth century, a small place of cottages and fragmentary rows of little four roomed miners' dwellings, the homes of the old colliers.......... But somewhere about 1820 the company must have sunk the first big shaft and installed the first machinery of the real industrial coal colliery......... Most of the little rows of dwellings were pulled down and dull little shops began to rise along the Nottingham Road, while on the down slope, ........the company erected what is still known as the new buildings........."

(a) Who is the writer of above passage ? 1

(b) What are the views of the writer about the village ? 3

(c) What changes took place in the village after the installation of the machinery ? 4

ब्रिटेन के उपन्यासकार डी. एच. लारेन्स ने कोयला क्षेत्र में स्थित एक गाँव में आए ऐसे परिवर्तन का इस प्रकार वर्णन किया जिसे उन्होंने स्वयं अनुभव नहीं किया था, जिसके बार में उन्होंने अपने बड़े-बुजुर्गों से सुना था।

"ईस्टवुड........उन्नीसवीं शताब्दी की शुरूआत में अवश्य ही एक छोटा गाँव रहा होगा जहाँ छोटी-छोटी

झोपड़ियाँ थीं, खान मजदूरों के चार कमरों वाले छोटे-छोटे घरों की छिटपुट कतारें थीं और पुराने खान मालिकों के आवास थे)......लेकिन 1820 के आस-पास किसी समय कम्पनी ने पहला बड़ा शैफ्ट दिया होगा......... और औद्योगिक कोयला खान की पहली वास्तविक मशीनरी लगाई.........मजदूरों के रहने के छोटे-छोटे घरों की कतारें गिरा दी गईं और फिर नार्टिंघम रोड के साथ-साथ छोटी-छोटी दुकानें खुलने लगीं और नीचे ढलान में कम्पनी ने कुछ इमारतें बनाईं जिन्हें आज भी 'नयी इमारतें' कहा जाता है........"

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद के लेखक कौन हैं? 1

(ख) गाँव के विषय में लेखक के क्या विचार हैं? 3

(ग) कोयला खान की मशीनरी लगने के बाद गाँव में क्या परिवर्तन आए? 4

## PART – E

## खण्ड – य

20. On the given map, mark five places of Mongol Empire. 5

दिए गए मानचित्र पर मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित पाँच स्थान दर्शाइए।

**OR/अथवा**

On the given map of Italy, mark two states and three cities of Renaissance period.

दिए गए इटली के मानचित्र पर पुनर्जागरण काल के दो राज्य तथा तीन शहर दर्शाइए।

21. On the outline map of Asia, five places are marked as 1-5, identify and write their names. 5

दिए गए एशिया के मानचित्र पर पाँच स्थान 1-5 तक दिखाए गए हैं, उन्हें पहचान कर लिखिए।

*Question for the visually impaired (in place of questions 20 and 21) :*

*केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए (प्रश्न 20 व 21 के स्थान पर)—*

20. Write the names of five places of the Mongol Empire. 5

मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित पाँच स्थानों के नाम लिखिए।

**OR/अथवा**

Write the names of two states and three cities of Renaissance period of Italy.

इटली में पुनर्जागरण काल के दो राज्य तथा तीन शहरों के नाम लिखिए।

21. Write five important cities of Japan. 5

जापान के पाँच प्रमुख शहरों के नाम लिखिए।

Kopykitab
Some textbooks kitaab way